## संपादकीय

### मानव विकास की उम्मीदों का नया मॉडल

मानव भ्रूण के प्रारंभिक विकास के अध्ययन के लिए एक नया मॉडल तैयार किया गया है। वैज्ञानिकों के एक अंतर्राष्ट्रीय दल ने त्वचा की कोशिकाओं से प्रारंभिक मानव भ्रूण विकसित किया है। भ्रूण के इस मॉडल से मिस्कैरिज और बांझपन के कारणों को भी बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा। इस रिसर्च का नेतृत्व आस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जॉस पोलो ने किया। अभी मानव भ्रूण के प्रारंभिक चरणों का अध्ययन करना बहुत ही मुश्किल काम है। प्रारंभिक दिनों के भ्रूण आईवीएफ विधियों के दौरान ही उपलब्ध होते हैं और सीमित मात्रा के कारण रिसर्च के लिए ऐसे भ्रूणों को हासिल करना बहुत कठिन होता है। ऐसे भ्रूण को ब्लास्टोसिस्ट कहा जाता है। पोलो की टीम ने त्वचा की कोशिकाओं (फाइब्रोब्लास्ट) को एक ऐसी त्रिआयामी संरचना में बदल दिया जो हर दृष्टि से मानव ब्लास्टोसिस्ट से मिलती है।

रिसर्चरों ने प्रयोगशाला में विकसित इस मॉडल का नाम 'आईब्लास्टोइड' रखा है। इसका उपयोग प्रारंभिक मानव भ्रूण के जीव विज्ञान के अध्ययन के लिए किया जा सकता है। पोलो की लैब ने मॉडल उत्पन्न करने के लिए एक विशेष तकनीक अपनाई, जिसे 'न्यूक्लियर रिप्रोग्रामिंग' कहा जाता है। इस तकनीक के जरिए रिसर्चर मानव त्वचा कोशिकाओं की पहचान बदलने में कामयाब रहे। जब इन कोशिकाओं को जेली जैसे पदार्थ के एक त्रिआयामी सांचे में रखा गया तो वे ब्लास्टोइड जैसी संरचना के रूप में संगठित होने लगीं। शुक्राणु द्वारा अंडाणु को निषेचित करने के पांच दिन बाद भ्रूण की अवस्था को ब्लास्टोसिस्ट कहा जाता है।

पोलो ने कहा कि उनकी टीम की उपलब्धि बहुत बड़ी गेम चेंजर साबित हो सकती है। आईब्लास्टोइड मॉडल से वैज्ञानिकों को मानव विकास के प्रारंभिक चरणों को समझने और जन्मजात बीमारियों के कारणों का पता लगाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा हम यह भी पता लगा सकते हैं कि प्रारंभिक भ्रूणों पर दवाओं, विषाक्त पदार्थों या टॉक्सिन तथा वायरसों का क्या प्रभाव पड़ता है। यह सब वास्तविक मानव ब्लास्टोसिस्ट्स के बगैर हो सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सब कार्य अप्रत्याशित रूप से तेज रफ्तार से किया जा सकता है। मानव भ्रूण के बारे में समझ बढ़ने से नई चिकित्सा और उपचार विधियों के विकास का भी रास्ता खुलेगा। रिसर्च टीम के एक अन्य सदस्य और यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के वैज्ञानिक जून वू का कहना है कि असीमित मात्रा में भ्रूण के मॉडल उपलब्ध होने से भ्रूण के विकास पर रिसर्च आसान हो जाएगी। वैज्ञानिकों ने स्पष्ट किया कि उनका मॉडल मानव ब्लास्टोसिस्ट से भिन्न है। यह एक भ्रूण के रूप में विकसित नहीं हो सकता। लेकिन उनकी रिसर्च पर नैतिक सवाल उठना स्वाभाविक है।

रिसर्च टीम का दावा है कि उन्होंने आईब्लास्टोइड का विकास आस्ट्रेलिया के कानूनों के दायरे में किया है और मोनाश यूनिवर्सिटी के नैतिकता पैनल ने भी उसे मंजूरी दे दी है। इन कानूनों के अनुसार आईब्लास्टोइड ब्लास्टोसिस्ट से भिन्न है। इसके बावजूद पोलो लैब ने प्रयोगशाला में आईब्लास्टोइड को 11 दिन के बाद विकसित नहीं किया। ध्यान रहे कि कानूनी बंदिशों के कारण प्रयोगशाला में मानव भ्रूण को 14 दिन से अधिक अवधि तक विकसित करने की अनुमति नहीं है। 14 दिन से ऊपर मानव भ्रूण पर रिसर्च करना नैतिक दृष्टि से वर्जित है। लेकिन ब्रिटेन और जापान में भ्रूण के मॉडलों पर रिसर्च करने की अनुमति है क्योंकि ये मॉडल आगे विकसित नहीं हो सकते। इसकी वजह यह है कि इन मॉडलों में मस्तिष्क कोशिकाएं नहीं होतीं। आवश्यक टिशुओं के अभाव में इनको गर्भाशय में प्रत्यारोपित नहीं किया जा सकता। अमेरिका में इस तरह के मॉडल तैयार करने या उन्हें नष्ट करने पर रोक है। मानव भ्रूण पर रिसर्च को नैतिकता के दायरे में रखने के लिए मार्ग निर्देश तैयार किए जा रहे हैं। - मुकुल व्यास

# भारत और ब्रिटेन के बीच सभी उड़ानें 24 से लेकर इस महीने के अंत तक रद्द रहेंगी, एयर इंडिया ने लिया बड़ा फैसला

**नईदिल्ली ।** कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए विमान कंपनी एयर इंडिया ने बड़ा फैसला लिया है। एयर इंडिया ने 24 से 30 अप्रैल तक के लिए ब्रिटेन जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने भारत से यूनाइटेड किंगडम जाने वाले यात्रियों को सूचित किया है कि यूके ने 24 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच सभी उड़ानों को रद्द कर दिया है। यात्रियों के टिकट पर रिफंड को लेकर आगे जानकारी दे दी जाएगी। बता दें कि भारत में कोरोना महामारी की चिंताओं के बीच ब्रिटेन ने हाल ही में यात्रियों के आने पर पाबंदी लगाई है।

एयर इंडिया ने कहा कि जो यात्री भारत और यूके के बीच यात्रा करने वाले थे, वे ध्यान दें कि यूके की ओर से लगाए गए हालिया प्रतिबंधों की वजह से 24 से 30 अप्रैल 2021 तक यूके के लिए सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। यात्रा के नए समय, रिफंड के बारे में जल्दी जानकारी दी जाएगी।



इससे पहले ब्रिटेन ने भारत को उन देशों की लाल सूची में डाल दिया है, जिसके तहत गैर-ब्रितानी और आइरिश नागरिकों के भारत से ब्रिटेन जाने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही विदेश से लौटे ब्रितानी लोगों के लिए होटल में 10 दिन तक पृथकवास में रहना अनिवार्य कर दिया है। ब्रिटेन में कोरोना वायरस के तथाकथित भारतीय स्वरूप से पीड़ित होने के 103 मामले सामने आए हैं। इनमें से अधिकतर मामले विदेश से लौटे यात्रियों से संबंधित हैं। आंकड़ों के विश्लेषण के बाद ऐहतियात के तौर पर भारत को लाल सूची में शामिल किया है।

वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने भी महामारी की दूसरी लहर की गंभीरता के मद्देनजर, भारत की अपनी आगामी यात्रा रद्द कर दी है। ये यात्रा अगले सप्ताह 26 अप्रैल को निर्धारित की गई थी। जॉनसन और उनके भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में भविष्य की साझेदारी को लेकर चर्चा करने वाले थे। जॉनसन की भारत यात्रा शुरू में जनवरी में होने वाली थी, मगर उस समय ब्रिटेन ने राष्ट्रीय लॉकडाउन लग गया और उनका भारत का दौरा टल गया था।

## भारत रणनीतिक निवेश योजना बरकरार : कोका-कोला

**नईदिल्ली ।** कंपनी के एक वरिष्ठ कार्यकारी ने बताया, कोका-कोला इंडियास का भारत में दीर्घकालीन उपस्थिति बनाने का रणनीतिक निवेश बरकरार है।

कोका-कोला इंडिया और दक्षिण पश्चिम एशिया के नवनियुक्त प्रेसीडेंट साकेत रे ने कहा हम दृढ़ता से मानते हैं कि एक बाजार के रूप में भारत दीर्घकालिक रूप से अभूतपूर्व व्यापार के लिए सबसे अच्छा है। भारत में दीर्घकालिक उपस्थिति के निर्माण का हमारा रणनीतिक निवेश बरकरार है। विकास क्षमता को पकड़ने के लिए, हमें नए निवेश, नई क्षमताओं और नए व्यापार मॉडल की आवश्यकता होगी, जो सभी नए स्थानीय भागीदारी के एक इको-सिस्टम द्वारा बंधे हैं। विशेष रूप से, कंपनी ने रिटेल इंफ्रास्ट्रक्चर, बॉटलिंग संयंत्रों और नए उत्पादों की शुरूआत के लिए 2012 में घोषित 5 बिलियन डॉलर का अपना नियोजित निवेश पूरा कर लिया है। 1993 से 2011 तक भारत में फिर से प्रवेश करने के बाद से , कोका-कोला ने देश में 2 बिलियन डॉलर का निवेश किया। इसके अलावा, इसने 2023 तक 'एग्री सकरुलर इकोनॉमी' बनाने की दिशा में 1.7 बिलियन डॉलर का निवेश किया है, जो भारतीय कृषि-पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करता है।

## सिटी बैंक के भारत से बाहर निकलने के ऐलान के बाद एसबीआई और निजी बैंक खरीद सकते हैं कारोबार

**नईदिल्ली ।** अमेरिका के सिटी बैंक के भारत से उपभोक्ता बैंकिंग कारोबार से बाहर निकलने के ऐलान के बाद माना जा रहा है कि भारतीय स्टेट बैंक या फिर कुछ निजी क्षेत्र के बैंक इसमें हिस्सेदारी खरीद सकते हैं। बैंक ने पिछले हफ्ते ये ऐलान किया कि वैश्विक कारोबारी रणनीति के तहत वो भारत से क्रेडिट कार्ड, खुदरा बैंकिंग, होम लोन जैसे कारोबार से बाहर हो जाएगा। देश में बैंक की 35 शाखाएं हैं और उपभोक्ता बैंकिंग कारोबार में करीब 4,000 कर्मचारी कार्यरत हैं। भारत के साथ साथ सिटी बैंक 13 और देशों से भी उपभोक्ता बैंकिंग कारोबार से निकलने की घोषणा की। सिटी बैंक के वैश्विक सीईओ जेन फ्रेजर ने इस निर्णय का कारण इन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा में पैमाने का अभाव बताया।




उपभोक्ता बैंकिंग कारोबार से बाहर निकलने के प्रस्ताव को लेकर नियामकीय मंजूरी की जरूरत होगी। इसके लिए जैसे ही बैंक रिजर्व बैंक से संपर्क करेगा, बैंक की हिस्सेदारी दूसरे बैंकों को देने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।सिटीग्रुप ने भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, चीन, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, फिलीपींस, पोलैंड, रूस, ताइवान, थाईलैंड और वियतनाम में अपने कंज्यूमर बिजनेस से बाहर निकलने का फैसला किया है।

हालांकि बैंक के भारतीय अधिकारियों के मुताबिक इस घोषणा से कामकाज में तात्कालिक कोई बदलाव नहीं होगा। वो ग्राहकों को पहले की तरह सेवा देते रहेंगे। सिटी बैंक ने 1902 में भारत में कदम रखा था और 1985 में उपभोक्ता बैंकिंग कारोबार में कदम रखा। संस्थागत बैंकिंग कारोबार के अलावा, सिटी अपने मुंबई, पुणे, बेंगलुरू, चेन्नई और गुरुग्राम केंद्रों से वैश्विक कारोबार पर ध्यान देता रहेगा।

## एप्पल ने अगले सप्ताह से आईओएस 14.5 अपडेट शुरू करने की घोषणा की



**नईदिल्ली ।** एप्पल ने खुलासा किया है कि आईओएस 14.5 आधिकारिक तौर पर अगले सप्ताह से शुरू होगा। जैसे कि एप्पल ने नए टाइल-लाइक एयरटैग ट्रैकर को लॉन्च करने की घोषणा की, कंपनी ने कहा, एयरटैग को आईओएस 14.5 या उसके बाद के आईफोन या आईपॉड टच की आवश्यकता है, या आईपैड को आईपैड 14.5 या बाद में चलाने की आवश्यकता है। ये सॉफ्टवेयर अपडेट अगले सप्ताह से उपलब्ध होंगे। एप्पल ने कहा, ग्राहकों के पास एक एप्पल आईडी होनी चाहिए और उनके आईक्लाउड अकाउंट में साइन इन होना चाहिए। कुछ विशेषताओं के लिए फाइंड माय आईक्लाउड सेटिंग्स में सक्षम होना आवश्यक है। एप्पल ने पहली बार आईओएस 14.5 बीटा को वॉचओएस 7.4 बीटा के साथ इस साल की शुरूआत में फरवरी में लॉन्च किया था। 14.5 बीटा आईपैडओएस के साथ क्यूपर्टिनो आधारित तकनीकी दिग्गज जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश, इतालवी और पुर्तगाली के लिए एप्पल पेंसिल स्क्रिबल सपोर्ट का विस्तार कर रहा है। नया आईओएस 14.5 बीटा अपडेट अपने साथ 200 से अधिक नए इमोजी पेश करता है, जिसमें एक नया एयरपोड्स मैक्स इमोजी भी शामिल है।

## अनुष्का शर्मा की फिल्म से इरफान खान के बेटे बाबिल रखेंगे बॉलीवुड में कदम

बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर इरफान खान बीते साल इस दुनिया को अलविदा कहकर चले गए थे. इरफान खान को अभी तक उनके फैंस भूल नहीं पाए हैं. इरफान के बेटे बाबिल और पत्नी सुतापा सोशल मीडिया पर एक्टर को याद करते हुए पोस्ट शेयर करते रहते हैं. इरफान खान की तरह उनके बड़े बेटे बाबिल ने भी एक्टिंग में अपना करियर बनाने का फैसला लिया है. बाबिल ने बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर ली है और उन्हें उनकी पहली फिल्म मिल गई है. बाबिल को अनुष्का शर्मा लॉन्च करने जा रही हैं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक बाबिल के साथ इस फिल्म में तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आने वाली हैं. तृप्ति डिमरी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने नए प्रोजेक्ट के बारे में बताया था लेकिन अब उन्होंने ये स्टोरी डिलीट कर दी है. यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी. रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का नाम काला है.

बाबिल ने अपनी डेब्यू फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है. उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी दोस्त के साथ तस्वीर शएयर की है. उन्होंने फोटो शेयर करते हुए लिखा- मैंने महसूस किया कि यह याद रखना आवश्यक है कि यदि आप अपने आपसे बहुत सावधान और ईमानदार नहीं रहेंगे हैं तो आपका आत्म-महत्व आपको डूब जाएगा. आप अपनी कहानी का हिस्सा हैं और वह कहानी हमेशा आपसे बड़ी रहेगी. चाहे आप एक्टर हो या नहीं. आपका दिन अच्छा रहे.



हाल ही में फिल्मफेयर अवॉर्ड हुए थे. जहां इरफान खान को सम्मानित किया गया था. इरफान खान को अवॉर्ड मिलने पर उनका बेटे बाबिल इमोशनल हो गए थे. वह स्टेज से नीचे उतरते समय रोने लगे थे तब एक्टर जयदीप अहलावत ने आकर बाबिल को संभाला था. बाबिल जयदीप के गले लगकर फूट-फूटकर रोने लगे थे. उनकी यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं.

## आज का राशिफल

मेषः रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी।

वृषभः व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी।

मिथुनः बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी।

कर्कः आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

सिंहः तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें।

कन्याः वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा।

तुलाः शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है।

वृश्चिकः संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं।

धनुः मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है।

मकरः लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी।

कुंभः मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे।

मीन : पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी।

## टाइगर श्रॉफ से आगे निकलने की तैयारी में अभिमन्यु दासानी



अभिमन्यु दासानी अपनी फिटनेस के लेवल को तेजी से ऊपर उठा रहे हैं. वो रेग्युलर वर्कआउट के साथ अब मार्शल आर्ट्स में भी महारथ हासिल करते जा रहे हैं. वैसे तो इसका जौहर उन्होंने अपनी पहली फिल्म मर्द को दर्द नहीं होता में भी दिखाया था लेकिन अब रियल लाइफ में भी उनके स्टंट्स को देखकर फैंस दांतों तले उंगली दबा लेते हैं. कोरोना के कहर से फिल्म इंडस्ट्री का काम जहां बहुत ठंडा चल रहा है वहीं पर एक्टर अभिमन्यु दासानी के काम में गर्मजोशी देखी जा रही हैं. भले ही उनकी फिल्मों की शूटिंग कुछ वक्त के लिए बंद है पर अभिमन्यु अपनी फिटनेस रूटीन के सख्त पाबंद हैं.

हाल ही में अभिमन्यु ने सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट का वीडियो शेयर किया जो बहुत वायरल हो रहा हैं. जिसमें अभिमन्यु मार्शल आर्ट के करतब करते नजर आ रहे हैं. जिस तरीके से अभिमन्यु, हवा में गजब की किक बॉक्सिंग और परफेक्ट तरीके से लैंडिंग कर रहे हैं, उन्हें देखकर ये लग रहा हैं कि वो बॉलीवुड के यूथ आइकन एक्शन एक्टर से कम नही हैं . अभिमन्यु की मेहनत और उनके लगन की झलक साफ नजर आ रही हैं.

अभिमन्यु दासानी एक्ट्रेस भाग्यश्री और हिमालय के पुत्र हैं. भाग्यश्री ने सलमान खान के साथ मैंने प्यार किया फिल्म में काम किया था. उसके बाद उन्होंने अपने फिल्मी करियर को आगे बढ़ाने की बजाय अपने परिवार को वक्त दिया और हिमालय से शादी कर ली. अभिमन्यु ने फिल्मों में आने से पहले से ही फिल्मों की बारीकियां सीख रहे हैं.

## शंकर की फिल्म अन्नियन में रणवीर सिंह करेंगे काम

तमिल के ब्लॉकबस्टर फिल्म डायरेक्टर शंकर ने बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह को अपनी 2005 की तमिल की धमाकेदार फिल्म अन्नियन के हिंदी रीमेक के लिए फाइनल कर लिया है। फिल्म 2022 में रिलीज हो सकती है। रणवीर कहते हैं, मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे शंकर सर के साथ यह फिल्म करने का मौका मिल रहा है। मैंने हमेशा उनके साथ काम करने का सपना देखा था और मुझे पूरी उम्मीद है कि हम साथ मिलकर स्क्रीन पर जादू बिखेरेंगे। रणवीर ने बताया कि अन्नियन जैसी फिल्म का नेतृत्व करना किसी भी कलाकार के लिए एक सपना सच होने जैसा है। उन्होंने आगे कहा, विक्रम सर ने ओरीजिनल फिल्म में जो किया, उसकी बराबरी करने की तो मैं सोच भी नहीं सकता। वह हमारे देश की सर्वोत्तम प्रतिभाओं में से हैं। मैं सिर्फ यही उम्मीद कर सकता हूं कि इस फिल्म को लेकर मेरी सोच और मेरी कोशिश दर्शकों को वैसी ही पसंद आएगी जैसी मूल फिल्म में विक्रम के किरदार को लोगों ने पसंद किया था।



## फेस्टिवल पर बनाएं बेहतरीन मिठाई स्ट्रूफोली

डेजर्ट में बनाने के लिए बहुत ही बेहतरीन और टेस्टी ऑप्शन है स्ट्रूफोली, आइए जानते हैं इसे बनाने की रेसिपी और विधि।



### सामग्री :

**बॉल्स के लिए-** 2 कप मैदा, 3 टेबलस्पून पिसी हुई शक्कर, 1/4 टीस्पून बेकिंग पाउडर, 4 टेबलस्पून मक्खन (पिघला हुआ), 1/2 टीस्पून लेमन या ऑरेंज का छिलका, 1/2 टीस्पून लेमन जूस, 1 टीस्पून वनीला एसेंस, 2 अंडे, तलने के लिए पीनट ऑयल या केनोला ऑयल, थोड़ा-सा मैदा डस्टिंग के लिए

**हनी सॉस के लिए-** 1 कप हनी, 1 टेबलस्पून पिसी चीनी

### विधि :

सबसे पहले मैदा और शक्कर को अच्छी तरह छलनी से अलग-अलग छान लें। एक बर्तन में ये दोनों चीज़ें लें और इसमें पिघला हुआ मक्खन अच्छी तरह मिलाएं। इसमें ऑयल छोड़कर सारी सामग्री मिलाएं और नरम आटा गूंध लें। दो-तीन मिनट आटा गूंधने के बाद इसमें हल्का-सा तेल लगाएं और आटा ढककर रख दें। 5 मिनट बाद आटा एक बार और चिकना करें। इस पर थोड़ा-सा मैदा छिड़क कर उसकी मोटी रोटी बेल लें। रोटी से छोटी-छोटी बॉल्स बनाएं और उन्हें गर्म ऑयल में धीमी आंच पर हल्का सुनहरा होने तक तलें। सॉसपैन में शहद के साथ चीनी पकाएं और बॉल्स को सॉस में लपेट दें। आग से हटाकर प्लेट में निकालें और कलर्ड स्प्रिंकल्स से सजाएं।


## शब्द सामर्थ्य- 56

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 55 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## सू-दोकू- 56

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.55 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |